an>

Title: Need to construct a railway underpasss at Akbarpur railway crossing in Ambedkar Nagar Parliamentary Constituency.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर) : मैं लोक महत्व के विषय पर अपने क्षेत्र अम्बेडकर नगर की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट काराना चाहता हूं । जिला अम्बेडकर नगर के जिला मुख्यालय अकबरपुर में रेलवे क्रासिंग हमेशा के लिए बंद कर दी गई है । इस रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ व्यस्त बाजार हैं, एक तरफ स्कूल है और दूसरी तरफ अस्पताल है । क्रासिंग हमेशा के लिए बंद होने की वजह से बच्चों, मरीजों और आम जनमानस को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।

मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इस रेलवे क्रासिंग के नीचे से एक अंडरपास की स्थापना की जाए और उसके लिए तुरंत निर्देशित किया जाए ताकि अम्बेडकर नगर के लोगों को इस समस्या से निजात मिलने का काम हो । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. सुभाष सरकार – उपस्थित नहीं ।